अयोध्या में ओडीओपी स्टोर बनेगा

तैयारी

28 जिलों में दी फैसिलिटी सेंटर खोलने की अनुमति

10 फैसिलिटी सेंटर का अब तक लोकार्पण हो चुका है

- मुख्य सचिव ने की एमएसएमई विभाग के कार्यों की समीक्षा
- ओडीओपी के लाभार्थियों को आधार, फैमिली आईडी से जोड़ेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि ओडीओपी योजना से स्थानीय स्तर के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। ओडीओपी की जनपदवार रैंकिंग कराई जाए। अयोध्या में स्टैण्डर्ड मॉडल बनाकर ओडीओपी का एक स्टोर स्थापित कराया जाए। इसके अलावा ओडीओपी के लाभार्थियों को आधार और फैमिली आईडी से जोड़ा जाए।

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को एमएसएमई विभाग के कार्यों की समीक्षा में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यूपी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल को जिले की ओडीओपी इकाइयों को व्यापार के लिए इनपुट प्रदान करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड जैसी ट्रेड से संबंधित संस्थाओं और एजेन्सियों के साथ जोड़ा जाए। पैकेजिंग संबंधित प्रशिक्षण को मार्केट की मांग के अनुरूप बनाने के लिए विभिन्न उद्योग संघों से संपर्क किया जाए, ताकि उत्पादों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

बैठक में बताया गया कि ओडीओपी मार्केटिंग डेवलपमेंट असिस्टेंट स्कीम के तहत विभिन्न राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय मेलों के लिए प्रतिभागियों को 75 प्रतिशत तक धनराशि की प्रतिपूर्ति की जाती है। अब तक 3138 प्रतिभागियों को 2784.59 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। ओडीओपी कॉमन फैसिलिटी सेण्टर स्कीम के तहत 28 जनपदों को कॉमन फैसिलिटी सेंटर खोलने की अनुमति प्रदान की गई है, जिनमें से 10 का लोकार्पण हो चुका है।